# बाबा तेरे चरणों की | By Sunny Hari |

बाबा तेरे चरणों की
गर धूल जो मिल जाए
सच कहता हूँ बाबा
तक़दीर सँवर जाए
बाबा तेरे चरणों की ..........

ये मन बड़ा चंचल है
कैसे तेरा भजन करूँ
जितना इसे समझाऊँ
उतना ही मचल जाए
बाबा तेरे चरणों की
गर धूल जो मिल जाए
बाबा तेरे चरणों की ............

सुनते हैं तेरी रहमत
दिन रात बरसती है
एक बूंद जो मिल जाए
दिल की कली खिल जाए
बाबा तेरे चरणों की
गर धूल जो मिल जाए
बाबा तेरे चरणों की .............

बाबा इस जीवन की
बस एक तमन्ना है
तू सामने हो मेरे
मेरा दम ही निकल जाए
बाबा तेरे चरणों की
गर धूल जो मिल जाए
सच कहता हूँ बाबा
तक़दीर सँवर जाए
बाबा तेरे चरणों की ............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b0%e0%a4%a3%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-sunny-hari/